# GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
# BAIKUNTHPUR , KOREA (C.G.)

Affiliated To: Sant Gahira Guru Vishwavidyalaya Sarguja Ambikapur (C.G)

Web Site = www.govtngcbkp.com  Email Address = navingirls.bkp@gmail.com

## REPORT OF NSS REGULAR ACTIVITIES

**2017-18**

**Principal**

**Smt. Anuradha Poul**

**Programme officer**

**Dr. Ranjna Neelima kachhap**

Govt Naveen Girls College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

# N.S.S.

on 24th september 1969, the birth century of Maharma gandhi, father of the nation, India govt. started NSS with the hope that students of higher education department will develop social responsibility, self discepline, social, social cousceousness, respect for labour. students in their leisure and holidays use their free time for social work and along with studies face the bare realities of life and develop his/her own personality.

In the year 1969 Madhya pradesh and chattisgarh introduced NSS for the first time in Universities and at present all the colleges of the state are operating it sucessfully. Besides the frame work of the scheme is divided into A,B, and C certificates.

In govt. naveen girls college in the session 2011 NSS stared with only 100 seats (girls unit) since them with the aim of through social service develop ours personality. NSS courades and the institution is actively and sucesfully running the scheme

## Objectives of National Service Scheme -

**"Development of personality of the student through social service"**

**NSS aims at developing the following qualities/competencies among the volunteers-:**

1- **To understand the community in which the NSS volunteers work and to understand themselves in relation to their community.**
2- **To identify the needs and problems of the community and involve themselves in problem-solving exercise.**
3- **To develop among themselves a sense of social and civic responsibility.**
4- **To utilize their knowledge in finding practical solution to individual and community problems.**
5- **To gain skills in mobilizing community participation .**
6- **To acquire leadership qualities and democratic values.**
7- **To practice national integration and social harmony.**

**Goals of National Service Scheme - " Social service through education and education through social service "**

## Tasks to be done under regular activity - :

- Volunteer Orientation Program
- Voter Awareness Program

- Environmental Promotion Protection and Plantation
- Literacy Program
- Cleanliness Program
- shramdan
- health education
- Employment related work for economic development
- Various Competitions and Cultural Programs
- Other acts of social service

## Regular Activity Compliance Report 2017 - 18

As part of the regular activity, the volunteer has to do 120 hours of shramdaan throughout the year. According to the action plan, the Chhatraye remains active in the college throughout the year while doing the activities of the National Service Scheme.

### Details of regular activities conducted throughout the year -:

**International Yoga Day :-**

21-06-2017 - Yoga was performed on International Yoga Day.

**Tree planting :-**

20-07-2017 - According to this action plan, Van Mahotsav and tree plantation program was done in the college and Phulpur nursery in 2017-18

**Orientation Program :-**

05-08-2017 - Orientation program of newly admitted girl students was done.

**Swachhta Pakhwada :-**

05-08-2017- Cleanliness Pledge and Carrot Grass Elimination Cleanliness Campaign and Cleanliness Fortnight.

08-08-2017- Cleaning of college premises and organizing various competitions.

12-08-2017- Cleanliness program in Godgram Chhachha Basti.

14-08-2017- Cleanliness Drive in Maa Ramdaiya Temple

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

## National festival :-

August 15, January 26, the purpose of celebrating the national festival, children can understand its importance and develop the feeling of patriotism in them.

## Information about traffic rules :-

28-08-2017 - Information about traffic rules was given by the traffic police so that the girls themselves can know about the traffic rules and make others aware

## Teacher's Day Award Ceremony :-

05-09-2017 - Teacher Award Ceremony Organized

## Sangwari Sang Goth Gender Samata Prahari Program :-

In the chief hospitality of State Women's Commission President Harshita Pandey, information about gender equality was provided under Gender Samata Prahari, in which girl students were given information about gender equality.

## Swachhta Hi Sewa Pakhwada :-

15-09-2017 - Cleanliness Pledge and Signature Campaign so that the girl students make themselves aware of the importance of labor and cleanliness by contacting and explaining to others, so that they can tell the ways to avoid various diseases and filth among the villagers.

16-09-2017 - Various competitions related to cleanliness

## National Service Scheme Day :-

Participation in the National Service Scheme Foundation Day program at the state level on 23rd and 24th September 2017.

On 25-09-2017, various programs were organized in the college premises on the occasion of National Service Scheme Foundation Day such as folk dance, poetry, essay, with competition so that the talents of the girl students could be enhanced. Along with this,

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

certificates were also distributed to encourage them so that others can see and get inspired by it.

**Gandhi Jayanti : -**

02-10-2017 - Pledge and cleanliness programs for drug de-addiction including improvised speech, prayer and hymn and Shramdaan and cleanliness combustion programs were organized.

07-10-2017 - Rally on de-addiction was organized in village Talwapara and Sagarpur.

**Voter Awareness Program :-**

16-10-2017 and 24-10-2017 Under the voter awareness program, such girl students who want to be included in the voter list, make them aware and motivate them to fill or fill the form. Organizing debate, street, painting, competition.

27-10-2017- District Level Sweep Program

**National Unity Day :-**

31-10-2017 - To tell about National Unity Day and to develop a sense of national interest in them so that the volunteer can tell others also about National Integration.

**Constitution Day : -**

25-11-2017 - Reading the Preamble of the Constitution and explaining the Constitution so that the child can read and understand the Constitution

**Anand Mela :-** 21-12-2017

**Swami Vivekananda Jayanti :-**

12-01-2018 - Various programs on the life philosophy of inspirational man Swami Vivekananda ji so that volunteers can imbibe it in their lives.

Govt. Nandan Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

## Distribution of warm clothes:-

On 13-01-2018 - To develop the spirit of service, the college collects donations from the girl students of National Service Scheme and buys warm clothes and distributes them.

## Martyrs Day :-

30-01-2018 - Remembering the martyrs on the death anniversary of Mahatma Gandhi, paying tribute to them.

## anniversary celebration :-

To enhance the statues of girl students through various competitions and cultural programs and to provide them a platform so that their personality can develop.

**Through the above programs, various arts are developed in the volunteers such as:-**

- To develop the personality of the volunteers.
- To develop a sense of respect for labour.
- To provide a platform to nurture the hidden talents.
- To have knowledge of the folk cultures of India through cultural programmes.
- To develop intellectual arts through various competitions.
- To serve the society selflessly.

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

अंबिकावाणी 26/8/2017

अम्बिकावाणी 26 अगस्त

# छात्राओं को सिखाये गये यातायात के नियम





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के आदेशानुसार एवं एडिशनल एसपी निवेदिता पाल के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की छात्राओं को यातायात नियमों एवं चिन्हों की जानकारी दी गई। साथ ही नाबालिग छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश भी देते हुए हेलमेट के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया। इस मौके पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाली छात्राओं को यातायात विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सुश्री अंजना केरकेट्टा के द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराध एवं विभिन्न घटनाओं की जानकारी दी गई एवं उससे बचने के सुझाव भी दिए गए। यातायात जागरूकता अभियान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती पाल महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक सुश्री अंजना केरकेट्टा यातायात प्रभारी सूबेदार बुधेश्वर सिंह एवं प्रधान आरक्षक किशन रामभगत आरक्षक राकेश मिश्रा सैनिक महेश मिश्रा एवं सैनिक राजेश उपस्थित थे।

नई दुनिया 7 सितम्बर

# जेंडर समता प्रहरी अभियान शुरू

## महिला-पुरुष लिंग समानता पर दिया गया जोर

बैकुंठपुर। नईदुनिया न्यूज

प्रतिभा और हुनर के मामले में महिलाएं-पुरुषों से कम नहीं हैं। आवश्यकता है उन्हें अपने हुनर को पहचान कर सही दिशा देने की। समाज के चहुंमुखी विकास में योगदान देने तथा अपनी सार्थकता सिद्ध करने नारी शक्ति को आगे आना होगा। ये बातें शासकीय रामानुज महाविद्यालय में बुधवार को जेंडर समता प्रहरी अभियान का शुभारंभ के दौरान महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय ने कही।

श्रीमती पाण्डेय कहा कि महिलाओं को देश और समाज के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने और खुद को स्थापित करने पारंपरिक कार्यों से ऊपर उठ सकारात्मक प्रयास करना होगा। सरकार उनकी हर तरक्की में बराबर की भागीदार है। अशिक्षा, बाल विवाह और कुपोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान करते हुए इनके खात्मे के लिए सबको एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बेटी बचाने व पढ़ाने का संकल्प लिया। बताया गया कि बालिकाओं महिलाओं की संरक्षण हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। जिसका मूल उद्देश्य कार्यक्षेत्र में बच्चों व महिलाओं को शोषण व प्रताड़ना से बचाने है। महलपारा में संचालित इस सेंटर में 24 घंटे में कभी भी महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। भाजपा महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी ने बच्चों एवं महिलाओं के संबंध में आवश्यक जानकारियां उपस्थित प्रधानपाठक एवं छात्राओं के समक्ष रखी। संरक्षण अधिकारी के तौर पर संस्थागत देख रहे अली अहमद ने बालकों के साथ लैंगिक अपराध की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी रमाकांत चंद्राकर, चाइल्ड लाइन के सदस्य, कन्या महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। फिल्म खुली खिड़की के साथ कार्यक्रम का समापन जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता ने सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया।



छात्रा का सम्मान करते अतिथि।

### महिला-पुरुष के बीच का भेद दूर करना उद्देश्य

महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने कहा कि जेंडर समता प्रहरी अभियान का उद्देश्य महिला-पुरुष के बीच लैंगिक भेदभाव को दूर करना है। महिला-पुरुष दोनों को यह समझाना है कि वह एक-दूसरे के पूरक हैं। उनके बीच समानताएं हैं और वे सम्मान के हकदार हैं। अभियान में महिला आयोग के साथ स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विधि विभाग को भी जोड़ा गया है।

नई दुनिया 07/9/2017

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# जेण्डर समता प्रहरी अभियान

## दिनांक – 06/09/2017









Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी 19/8/17

④

# नवीन कन्या महाविद्यालय मे मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा






बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नविन कन्या महाविद्यालय मे स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चले स्वच्छता पखवाडे के इस अवसर पर 1 अगस्त को महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दिन गाजर घांस उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी मे 5 अगस्त को महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं, कक्षाओं सहित प्रागण की सफाई की गई। 8 अगस्त को गोद ग्राम छरछा बस्ती मे स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली मे स्कूली बच्चों सहित महाविद्यालय की 50 छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान लगभग 55 परिवारों से संपर्क कर आस-पास व घरों को स्वच्छ रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही शौचालयों का नियमित उपयोग करने की अपील की गई।

13 अगस्त को 56 स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर रमदईया मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। 14 अगस्त को ग्राम सागरपुर व तलवापारा मे स्वच्छता रैली निकाली गई, वहीं 15 अगस्त को परिसर व छरछा बस्ती को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अंजना निलीमा कच्छप ने किया वहीं महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती विजय लक्ष्मी नायडू, शैहून एक्का, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, डा0 मनीषा सक्सेना, सत्येन्द्र, बिनयामिन सहित स्वयं सेविका स्मृति साहू, संगीता साहू, सुमन मिंज, कामिनी, रचना व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अंबिकावाणी 16 सितम्बर

अंबिकावाणी 16.9.17

## स्वच्छता ही सेवा की भावना के साथ पखवाड़े की हुई शुरूआत




बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के संबध में छ0ग0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, कोरिया में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूआत, स्वच्छता ही सेवा शपथ एवं स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाकर शुक्रवार को की गई। जिसमें समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल, रा0से0यो0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुश्री रंजना नीलिमा कच्छप, डॉ श्रीमती मनीषा सक्सेना, डॉ. कामिनी, के0जेड0 उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, कु0 रिचा श्रीवास्तव, एच.के.सेन., श्रीमती रजनी अग्रवाल, श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, कु0 मेघा श्रीवास्तव, श्रीमती मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह, बिनयामिन लकड़ा तथा समस्त छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महा...
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)


## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगितायें












Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

6

# शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

**स्वच्छता की शपथ 2017–18**





**गाजर घास उन्मूलन**





**प्रांगण की सफाई**

**क्लास रूम की सफाई**





Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

### मां रमदईया मंदिर परिसर की साफ–सफाई करते स्वयं सेवक 2017–18














कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

8

## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

### गोद ग्राम में स्वच्छता रैली एवं डोर टू डोर ग्राम सम्पर्क 2017–18
















Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

स्वतंत्रता दिवस



शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम







स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगितायें





Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

2017-18 (9)

अंबिकावाणी 24.7.2017

24/7/17

# नवीन महाविद्यालय मे किया गया वृक्षारोपण





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ हरियर छत्तीसगढ के अंतर्गत शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर मे प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पाल के निर्देशन मे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा0 रंजना निलीमा कच्छप के नेतृत्व मे वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नीम, करंज, कटहल, जामुन तथा आम के 50 पौधे लगाये गये। इसी तरह 10 पौधों को सुरक्षित रखने के लिये ट्री गार्ड भी लगाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती विजय लक्ष्मी नायडू, शैबून एक्का, डा0 मनीषा सक्सेना, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपीन सिंह, सतेन्द्र सिंह, विनयामिन लकड़ा सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की कुमारी संगीता साहू, कुमारी स्मृति साहू, कुमारी कामिनी, कुमारी रचना, कुमारी सीता सहित अन्य उपस्थित थे।

अंबिकावाणी 26/9/2017

अंबिकावानी 26 सितंबर 2017

# मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो0 एम0सी0हिमधर जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, विशिष्ट अतिथि प्रो0जे0आर0 कंवर तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा पॉल (प्राचार्य) एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयालय उपाध्याय की जीवनी का वाचन एवं संकल्प के0 जेड0 उस्मानी द्वारा दिलाया गया। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें प्रिया सिंह एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत, बीहू डांस बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा, नागपुरी डांस बी.ए.प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा, सुआ नृत्य बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा, बंगाली डांस बी.कॉम की छात्राओं द्वारा, पर्यावरण पर नुक्कड़ बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा, स्वामी विवेकानंद पर भाषण कु0 खुशबू पाण्डेय द्वारा, देशभक्ति गीत कु0 संगीता जायसवाल द्वारा एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य कल्पना ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु0 प्रियंका वैद्य एवं कु0 आफरीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ( श्रीमती ) मनीषा सक्सेना, डॉ0 कामिनी, के0जेड0 उस्मानी, रितेश गुप्ता, कु0 ऋत्या श्रीवास्तव, कु0 मेघा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी अग्रवाल, हेमेन्द्र सेन, विपिन सिंह, म... कुमार कुर्रे, ब्रजेश कुमार, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, विनयामिन लकड़ा एवं महाविद्यालय की स्वयं सेविकाएँ कु0 संगीता साहू, कु0 कामिनी, कु0 सुमन, कु0 प्रमिला राजवाड़े, कु0 प्रमिला चंद्रा, कु0 स्मृति साहू, कु0 कल्पना, कु0 नाजिया, कु0 सिमरन साथ ही सुमित साहू बी.ए.द्वितीय वर्ष रा0प्र0सिंह0देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर सहित सभी छात्राओं का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 सुश्री आर.एन. कच्छप ने किया।

आज जनदर्शन स्थगित

जर्जर ओवर हेड टैंक को

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 Baikunthpur

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)


## शास० नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा०से०योजना नियमित गतिविधि 2017–18





योग दिवस


वृक्षारोपण कार्यक्रम फूलपुर नर्सरी





महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण





Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017-18

### रा0 से0 यो0 स्थापना दिवस













Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

नवभारत 3 अक्टूबर



स्वच्छता अभियान

# रासेयो नवीन कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान

बैकुण्ठपुर. स्वच्छता को पूरे देश में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा थीम पर विशेष अभियान चलाया जाना था जिसके अनुपालन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता ही सेवा शपथ प्राचार्य, श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा दिलाई गयी एवं समस्त स्टाप व छात्राओं द्वारा स्वच्छता हस्ताक्षर से की गयी.

महाविद्यालय में स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम संपन्न किये गये जिसमें महाविालय परिसार एवं कक्षों की साफ सफाई की गयी साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, वाल पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता एवं 25 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया तथा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़, नाटक, भाषण, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी के छायाचित्र पर फूल अर्पित किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर अस्वच्छता का दहन किया गया. स्वच्छता अभियान का नेतृत्व डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा किया गया जिसमें रितेश गुप्ता, कु. रिचा श्रीवास्तव, बिनयामिन लकड़ा, स्वच्छता दूत कु. संगीता साहू, कु. रूपा साहू कु. तरन्नुम, कु. निशा साथ ही समस्त महाविद्यालयीन स्टाप उपस्थित रहे.

अंबिकावाणी 3/10/2017

अंबिकावाणी

बैकुण्ठपुर, मंगलवार 03 अक्टूबर 2017 06

# गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का हुआ समापन



बैकुण्ठपुर (अंबिकावाणी समाचार)/ स्वच्छता के विषय को पूरे देश में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा थीम पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता ही सेवा की शपथ प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा दिलाये जाने के पश्चात शुरू हुई। महाविद्यालय में स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम संपन्न किये गये जिसमें महाविद्यालय परिसर एवं कक्षों की साफ सफाई की गई साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, वाल पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता एवं 25 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया तथा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक, भाषण, नाटक, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन 02 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर गाँधी जी के छायाचित्र पर फूल अर्पित किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर अस्वच्छता का दहन किया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व डॉ (सुश्री) रंजना नीलिमा कच्छप राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा किया गया जिसमें श्री रितेश गुप्ता, कु0 रिचा श्रीवास्तव, बिनयामिन लकड़ा, स्वच्छता दूत कु0 संगीता साहू, कु0 रूपा साहू, कु0 तरन्नुम, कु0 निशा साथ ही समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

नई दुनिया 3/10/17

03 अक्टूबर 2017

www.naidunia.com

**पखवाड़ा** : स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

# रासेयो ने अस्वच्छता की जलाई होली

बैकुंठपुर। नईदुनिया न्यूज

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के रासेयो महिला एवं पुरुष इकाई ने गांधी जयंती को स्वच्छ भारत अभियान के रूप में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संगठक रासेयो प्रो एमसी हिमधर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी स्वयंसेवकों को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्वयंसेवक रजनी पैकरा, परमा, रूपाली, खुशबू, प्रालम, प्रमोद कुमार, सुमित, लवकुमार ने गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम एवं वैष्णव जन का सस्वर गान किया। जिला संगठक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रेरक प्रसंगों से छात्रों को अवगत कराया। द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तृतीय वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ गत दिवस सुभाष साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं उपाध्यक्ष नपा बैकुंठपुर ने प्राध्यापक, स्टॉफ, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित रासेयो स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और संबोधित करते हुए छात्रों को कहा कि इस संकल्प को आप सभी अपने दैनिक आचरण में शामिल करें और अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें।



कचरे की जलाई होली।



गांधी जी को किया याद।

पखवाड़े के समापन दिवस के अवसर पर जिला संगठक के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर, मुख्य द्वार के आस-पास सफाई कर पाउच, पत्ती, कागज, कचरे को एकत्रित किया एवं अस्वच्छता की होली जलाई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने स्वयं अपने घर, परिवार एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत व्याख्यानमाला, कवितापाठ, नारालेखन, निबंध, स्वच्छता गीत एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टॉफ घनश्याम दुबे, मो आरीफ रेबर, सीएस मरावी, रोहित कुमार साहू, हवलसाय, शशि भूषण, संतोष, पवन कुमार एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक सूरजकुमार, प्रमोद कुमार, रमेश राजवाड़े, अभिषेक साहू, ओमप्रकाश, रीना सिंह, उमाशंकर, सुमित साहू, देवनारायण, रूपाली, रजनी, परमा, खुशबू, लवकुमार के साथ रासेयो के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन





छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार की स्वच्छता के विषय को पूरे देश में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा थीम पर विशेष अभियान चलाया जाना था। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता ही सेवा शपथ प्राचार्य अनुराधा पॉल द्वारा दिलाई गई एवं समस्त स्टॉफ व छात्राओं द्वारा स्वच्छता हस्ताक्षर से की गयी। महाविद्यालय में स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम संपन्न किये गये जिसमें महाविद्यालय परिसर एवं कक्षों की साफ सफाई की गई साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, वाल पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता एवं 25 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया तथा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक, भाषण, नाटक, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी के छायाचित्र पर फूल अर्पित किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर अस्वच्छता का दहन किया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व डॉ रंजना नीलिमा कच्छप राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा किया गया जिसमें रितेश गुप्ता, रिचा श्रीवास्तव, बिन्यामिन लकड़ा शामिल थे।

Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

## शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा0से0योजना नियमित गतिविधि 2017–18

### गांधी जयंती पर अस्वच्छता की होली एवं नशा मुक्ति जागरूकता रैली
















Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी

अंबिकावाणी

(13)

दैनिक भास्कर

कोरिया भास्कर

बिलासपुर, मंगलवार 10 अक्टूबर, 2017 | 18

# नशा मुक्ति के लिए हुए विविध कार्यक्रम, रैली भी निकाली गई



भास्कर संवाददाता | बैकुंठपुर

शासकीय पीजी कालेज और शासकीय नवीन कन्या कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मद्य निषेध सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नशा मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्राचार्य एसी गुप्ता एवं अनुराधा पाल ने किया। जिला संगठक ने उपस्थित स्टाफ एवं रासेयो स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया और कहा कि नशा अथवा शराब सेवन स्वास्थ पर बुरा असर डालता है। साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है। इसके अलावा यह अनुभव किया गया कि नशा करने वाले व्यक्ति घर, परिवार, समाज सभी के लिए हानिकारक हैं। फिर भी लोग इसका सेवन कर रहे है। इस अभियान के माध्यम से समाज में नशा के कारण होने वाले नुकसान और फायदे की जानकारी छात्रो के द्वारा दी जा रही हैं। इसके लिए दीवार में स्लोगन भी लिखे जा रहे है। आम नागरिकों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने के लिए ग्राम ओड़गी एवं सागरपुर में नारों के साथ जन चेतना रैली निकाली गई। नशा मुक्ति साप्ताहिक कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रीति गुप्ता, डॉ आरएन कच्छप, डॉ गौरव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। रैली के दौरान प्रो डॉ जेआर कंवर, डॉ मनीषा सक्सेना, डीके द्विवेदी, सुशान्त भट्टाचार्य, रिचा श्रीवास्तव, मेघा श्रीवास्तव, बृजेश, अनिता अग्निहोत्री कालेज स्टॉफ सक्रिय रहे।

## जागरूकता के लिए नशा मुक्ति आधारित गीत गाए

इस अवसर पर 'नशा सेवन व्यक्ति के विकास में बाधक है'। इस विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शबाना बेगम प्रथम, सूरज कुमार द्वितीय एवं पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता में माखन साहू प्रथम, मनीष कुमार द्वितीय, शारदा मिंज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इस मौके पर नशा मुक्ति पर आधारित गीत स्वयं सेवक लव कुमार राजवाड़े, विमल कुमार, रोशनी राजवाड़े ने प्रस्तुत किया।

अंबिकावाणी 10/10

# रासेयो द्वारा मद्य निषेध सप्ताह पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

बैकुन्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ कलेक्टर कोरिया के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मद्य निषेध सप्ताह अन्तर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। नशा मुक्ति कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्राचार्य द्वय प्रो० एसी गुप्ता एवं प्रो० श्रीमती





अनुराधा पाल के द्वारा किया गया। नशा मुक्ति पर आधारित गीत स्वयं सेवक लव कुमार राजवाड़े, विमल कुमार, रोशनी राजवाड़े ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नशा सेवन व्यक्ति के विकास में बाधक है, विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शबाना बेगम प्रथम, सूरज कुमार द्वितीय एवं पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में माखन साहू प्रथम, मनीष कुमार द्वितीय, शारदा मिंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला संगठक ने उपस्थित स्टॉफ एवं रासेयो स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया और अपने उद्बोधन में कहा कि नशा अथवा मदिरा सेवन स्वास्थ्य, घर, परिवार, समाज सभी के लिए सभी प्रकार से हानिकारक है। फिर भी लोग इसका सेवन किए जा रहे है। आज मादक द्रव्य कई रूप में जैसे- शराब, अफीम, गांजा, चरस, हेरोईन, मार्फिन, स्मैक, ब्राउन शुगर, सिरप, इन्जेक्शन द्वारा नशा आदि रूप में विद्यमान है। आज की युवक-युवतियां शराब या मादक द्रव्यों का सेवन इसलिए करते है ताकि वे स्वयं को आधुनिक सिद्ध कर सके। जो नशा सेवन के बाद कई असामाजिक, अनैतिक कार्यों को करते है या दुर्घटना के शिकार हो जाते है। नशा बन्दी तभी सम्भव है जब शासन के साथ-साथ आम नागरिक जागरूक होकर इसका विरोध करें। सभी स्वयं सेवक नशा मुक्ति के इस संकल्प को स्वयं पर लागू करते हुए समाज के लोगों को जागरूक करें। आम नागरिकों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने हेतु ग्राम-ओड़गी एवं सागरपुर में प्रेरक नारों के साथ जन चेतना रैली निकाली गई। नशा मुक्ति साप्ताहिक कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो० श्रीमती प्रीति गुप्ता, डॉ० सुश्री आरएन कच्छप, डॉ० गौरव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जनचेतना रैली में महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ० जे० आर० कंवर, डॉ० मनीषा सक्सेना, पं० डीके द्विवेदी, सुशान्त भट्टाचार्य, रिचा श्रीवास्तव, मेघा श्रीवास्तव, बृजेश, अनिता अग्निहोत्री, हेमेन्द्र सेन सहित कार्यालय स्टॉफ केजेड उस्मानी, रीतेश गुप्ता, रोहित साहू, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, मोनिका सहित रासेयो स्वयं सेवक लव कुमार, प्रमोद कुमार, रोशनी राजवाड़े, शबाना, शालिनी सिंह श्याम, संगीता साहू सहित सभी रासेयो स्वयं सेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# मद्यनिषेध सप्ताह पर नशामुक्ति रैली
# ग्राम ओड़गी












Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

(17)

अंबिकावाणी

उपचार जारी है

अंबिकावाणी 01 नवम्बर 2017

## मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में दिनांक मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल एवं अन्य स्टॉफ द्वारा पुष्प अर्पित किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। साथ में राष्ट्रीय एकता की शपथ के.जेड. उस्मानी द्वारा दिलायी गयी। ब्रजेश कुमार अतिथि प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी व कार्यों पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की विचारों व राष्ट्रीय एकता पर निबंध, नारा लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रा.से.यो. की स्वयं सेविकायें एवं समस्त छात्राओ ने कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप ने आभार प्रदर्शन किया जिसमें महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ श्रीमती मनीषा सक्सेना, डॉ. कामिनी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, कु0 रिचा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी अग्रवाल, कु. मेघा श्रीवास्तव, हेमेन्द्र, श्रीमती मोनिका पीर, बिनयामिन लकड़ा, सत्येन्द्र सिंह पैकरा उपस्थित थे।

अंबिकावाणी 07 नवम्बर 2017

न्यूज गैलरी

## राज्योत्सव में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली व प्रश्नोत्तरी में मारी बाजी




बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ यहां आयोजित राज्योत्सव मे स्थानीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बाजी मारी है। विदित हो कि शासकीय रामानुज हायर सेकेण्डरी स्कूल के ग्राउन्ड में संचालित हुए राज्योत्सव में इस महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय का ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ग्रुप में (कु.संगीता साहू, कु. खुशबू पाण्डेय, कु.प्रीति राजवाड़े, कु. सुमन मिंज, कु. गुलशन) साथ ही साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कु. रोशनी राजवाड़े ने प्रथम स्थान एवं कु. राखी राजवाड़े ने द्वितीय स्थान में आकर इस महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

29 नवम्बर

29/11/2017

अंबिकावाणी

## संविधान दिवस हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुण्ठपुर मे 25 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल के नेतृत्व में सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सुश्री रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा संविधान के बारे में छात्राओं को बताया तत्पश्चात खालिद जफर उस्मानी द्वारा प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी स्टॉफ एवं समस्त छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। संविधान दिवस प्रतियोगिता में निबंध लेखन में कु0 रोशनी राजवाड़े बी.एससी. 3 ने प्रथम एवं कु0 खुशबू पाण्डेय बी.एससी. 3 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में कक्षा बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सोनहत के वनांचल क्षेत्रों में हुआ स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

(13)

अम्बिकावाणी 14 जनवरी 18

# स्वामी विवेकानंद जयंती का नवीन कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन



32 स्वयं सेवकों ने किया गर्म कपड़ों का वितरण



बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक व्यक्तित्व को याद किया। इसी के उपलक्ष्य में शनीवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के राज्य सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा गोद ग्राम छरछाबस्ती की पाण्डोपारा बस्ती में गरीबों के मध्य निःशुल्क कम्बल व अन्य गर्म वस्त्र वितरित किये गए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया गया। इसके बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि इसका उद्देश्य गरीबों को सहायता देने के साथ ही विद्यार्थियों के अन्दर समाज सेवा की भावना विकसित करना है। पण्डोपारा बस्ती के सभी निवासी शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के इस आयोजन से अत्यंत हर्षित थे। इस तरह के कार्य यह दर्शाते है शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है। इस आयोजन में महाविद्यालयीन सभी छात्राओं का सहयोग रहा जिसमें गर्म व सामान्य पहनने के कपड़ो को एकत्र किया गया एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा स्वेच्छा दान कर 20 कम्बर खरीदे गये। जिसका वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 कामिनी, रितेश गुप्ता, बिपिन सिंह, कु0 ऋचा श्रीवास्तव, कु0 मेघा श्रीवास्तव, ब्रजेश, हेमन्द्र, महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्रीमती मोनिका, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा साथ ही विद्यार्थी कु0 संगीता, कु0 सुमन, कु0 कामिनी, कु0 यशोदा, कु0 अनिता, कु0 किरण, कु0 ज्योति कुल 32 स्वयं सेवकों ने छरछा ग्राम में जाकर कपड़ो का वितरण किया।

अम्बिकावाणी 31 जनवरी 2018

# पुण्यतिथि पर बापू को दी गई श्रद्धांजली



बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल के नेतृत्व में मंगलवार को में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात गांधी जी के साथ-साथ समस्त वीर शहीदों का याद करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। महात्मा गांधी के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ (सुश्री) रंजना नीलिमा कच्छप, के.जेठ. उसमानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुमार कुर्रे, कु0 ऋचा श्रीवास्तव, एच.के. सेन, ब्रजेश कुमार, श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, श्रीमती सोनल गुप्ता श्रीमती मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा उपस्थित थे।

नईदुनिया 15
बिलासपुर, सोमवार 15 जनवरी 2018

# विवेकानंद जयंती पर गर्म कपड़ों का वितरण



कपड़ा वितरित करते सदस्य।

बैकुंठपुर। नईदुनिया न्यूज

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा गत दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अनुराधा पाल द्वारा विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक संदेशों को याद किया। इसी के उपलक्ष्य में शनिवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के राज्य सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा गोद ग्राम छरछाबस्ती की पाण्डोपारा बस्ती में गरीबों के मध्य निःशुल्क कम्बल व अन्य गर्म वस्त्र वितरित किये गए। इसके बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि इसका उद्देश्य गरीबों की सहायता देने के साथ ही विद्यार्थियों के अन्दर समाज सेवा की भावना विकसित करना है। पण्डोपारा बस्ती के सभी निवासी शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के इस आयोजन से अत्यंत हर्षित थे। इस तरह के कार्य यह दर्शाते है शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है। इस आयोजन में महाविद्यालयीन सभी छात्राओं का सहयोग रहा जिसमें गर्म व सामान्य पहनने के कपड़ो को एकत्र किया गया एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा स्वेच्छा दान कर 20 कम्बर खरीदे गये। जिसका वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कामिनी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, कु ऋचा श्रीवास्तव, ब्रजेश, हे...

AISHE C-42916
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

## शास० नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर रा०से०योजना नियमित गतिविधि 2017–18

### स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं गोद ग्राम पण्डोपारा छरछा बस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण












Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 12/2/2018

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में दिनांक 12/2/2018 को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए वॉल (पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, मेंहदी, गमला सज्जा) 12/2/2018 को महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल थीं। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Govt. Naveen Girl's College
AISHE C-9716
BAIKUNTHPUR

# वार्षिकोत्सव 2018



